राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
शिक्षा/धर्म
4 रांची रविवार 13:12:2015

फुल टाइम कोर्स शुरू करेगा आइसीएसआइ

कंपनी सेक्रेट्रीज में कैरियर की कई संभावनाएं : अतुल

संवाददाता

रांची : द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया (आइसीएसआइ) जल्द ही रांची में फुल टाइम कोर्स शुरू करेगा। इसे जून 2016 के बाद से शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। आइसीएसआइ अपने ब्रांच का विस्तार करेगा। अभी रांची में कंपनी सेक्रेट्रीज के लिए दो हजार छात्र हैं। इसे 10 हजार छात्र करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी आइसीएसआइ के अध्यक्ष अतुल एच मेहता ने शनिवार को होटल ट्राइडेंट इन में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि छात्रों की सुविधा के लिए जल्द ही आइएमएम अहमदाबाद से एमओयू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी सेक्रेट्रीज में छात्रों को कॉरपोरेट लॉ के बारे में जानकारी देते हैं, ताकि कंपनी शुरू करने में जो जरूरत होती है, उसकी पूरी जानकारी कंपनी सेक्रेट्रीज को होनी चाहिए। श्री मेहता ने बताया कि कंपनी सेक्रेट्रीज में कैरियर की कई संभावनाएं है। भारत में कई कंपनियों में कंपनी सेक्रेट्रीज की डिमांड है। भारत में 14 लाख कंपनी है। जिसमें छह लाख कंपनी लिस्टेड है, जहां कंपनी सेक्रेट्रीज की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि कंपनी सेक्रेट्रीज कोर्स के बारे में लोगों के बीच जागरूकता की कमी है। लेकिन इस क्षेत्र में कई संभावनाएं है। इस क्षेत्र में शुरुआत में सैलरी तीन से चार लाख रुपये तक होती है। श्री मेहता ने बताया कि इस कोर्स के बारे में जानकारी देने के लिए कॉमर्स के छात्रों के बीच सेमिनार का आयोजन किया जाता है। जहां पर आइसीएसआइ की कोई शाखा नहीं है, वहां पर टॉप कॉमर्स कॉलेज व स्कूलों के साथ एमओयू किया जायेगा। जहां 12वीं क्लास के कॉमर्स के छात्रों को एक्स्ट्रा क्लास देकर उन्हें कंपनी सेक्रेट्रीज के बारे में जानकारी दी जायेगी। 12वीं क्लास के बाद से इस कोर्स को किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आइसीएसआइ की देशभर में 70 शाखाएं हैं और 14 हजार सदस्य हैं। इन सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मौके पर रिजनल चेयरपर्सन सुनीता मोहंती, रांची चैप्टर के चेयरमैन राजीव रंजन मौजूद थे।